Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Regional Office of Railways in Jharkhand -laid.

श्री संजय सेठ (राँची): झारखंड के निकटवर्ती राज्यों उड़ीसा, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश आदि में रेलवे का क्षेत्रीय मुख्यालय है, जो अपने क्षेत्र में रेलवे को विकसित करने और बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए कार्यरत है । जब तेलंगाना नया राज्य बना तो रेलवे द्वारा साउथ कोस्ट क्षेत्रीय मुख्यालय का गठन भी कर दिया गया परंतु झारखंड राज्य गठन को 20 साल से अधिक समय होने के बावजूद झारखंड में आज भी रेलवे का क्षेत्रीय कार्यालय नहीं है । जबकि 255 छोटे बड़े रेलवे स्टेशनों के माध्यम से सालाना 25 हजार करोड रुपए से अधिक राजस्व झारखण्ड देता है. यहां क्षेत्रीय मुख्यालय नहीं होने के कारण कई कार्य प्रभावित होते हैं । मेरा आग्रह है कि झारखंड में दक्षिण पूर्व पश्चिम रेलवे का नाम देकर, एक क्षेत्रीय मुख्यालय का गठन किया जाए और यह समय की आवश्यकता भी है । 1956 में दक्षिण पूर्व रेलवे का गठन हुआ, तब से अब तक कई चीजें बदली हैं. इसलिए मेरा निवेदन है कि आजादी के 75 साल बाद जब हम अमृत महोत्सव बना रहे हैं तो ऐसे अवसर पर रेल मंत्रालय झारखंड को रेलवे का क्षेत्रीय मुख्यालय सौगात में देने का काम करे ताकि झारखंड में रेल की रफ्तार को और भी गति मिल सके।